Ans. (d) – राजस्थान के मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल का कालक्रमानुसार सही क्रम विकल्प (d) के संगत होगा।
- हरिदेव जोशी (11 अक्टूबर 1973 से 29 अप्रैल 1977 तक)
- भैरों सिंह शेखावत (22 जून 1977 से 16 दिसम्बर 1980 तक)
- जगन्नाथ पहाड़िया (6 जून 1980 से 13 जुलाई 1981 तक)
- शिव चरण माथुर (20 जनवरी 1988 से 4 दिसम्बर 1989 तक)

84. निम्न में से उस समूह का चयन कीजिए जिन्होंने तीन या अधिक अवसरों पर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

(a) भैरोसिंह शेखावत-शिवचरण माथुर-हरिदेव जोशी
(b) मोहनलाल सुखाड़िया -हरिदेव जोशी-अशोक गहलोत
(c) जयनारायण व्यास-मोहनलाल सुखाड़िया-अशोक गहलोत
(d) मोहनलाल सुखाड़िया-हीरालाल शास्त्री-वसुंधरा राजे

पटवार -2020 (23 अक्टूबर, 2021)

Ans. (b)– राजस्थान के मुख्यमंत्री जिन्होने तीन या अधिक अवसरों पर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली-
- मोहन लाल सुखाड़िया- इन्होने चार बार (13 नवम्बर 1954,11 अप्रैल, 1957, 12 मार्च 1962 एवं 26 अप्रैल 1967) राजस्थान कें मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- हरिदेव जोशी- इन्होने तीन अवसरों (11 अगस्त 1973, 10 मार्च 1985 एवं 4दिसम्बर 1989) पर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली-
- भैरों सिंह शेखावत- इन्होने तीन अवसरों (22 जून 1977, 4 मार्च 1990 एवं 4 दिसम्बर 1993) पर राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- अशोक गहलोत- इन्होने तीन अवसरों (1दिसम्बर 1998,13 दिसम्बर 2008 एवं 17 दिसम्बर 2018) को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। वर्तमान में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत हैं।

85. राजस्थान के मुख्यमंत्री के रूप में निम्न में से किस युग्म में सर्वाधिक बार शपथ ली है?

(a) हरिदेव जोशी एवं भैंरोसिंह शेखावत
(b) भैंरोसिंह शेखावत एवं हीराला देवपुरा
(c) शिवचरण माथुर एवं हरिदेव जोशी
(d) इनमें से कोई नहीं

पटवार -2020 (24 अक्टूबर, 2021) Shift-IV

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

86. श्रीमती वसुन्धराजी राजे राजस्थान की प्रथम बार मुख्यमंत्री ....के मध्य रहीं।

(a) 2003-2008
(b) 2001-2007
(c) 2004-2009
(d) 1999-2003

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (a) – श्रीमती वसुन्धरा सिंधिया राजे राजस्थान की प्रथम बार मुख्यमंत्री 2003–2008 के मध्य रहीं। इसके पश्चात 2013 से 2018 तक दूसरी बार भी राज्यस्थान की मुख्यमंत्री रहीं। वह अटल बिहारी बाजपेयी सरकार की केन्द्रीय कैबिनेट में भी मंत्री रह चुकी हैं। उन्हें राजस्थान की प्रथम महिला मुख्यमंत्री होने का भी गौरव प्राप्त है।

87. राजस्थान की प्रथम महिला कौन है, जिन्हें राजस्थान के मंत्रिमण्डल में स्थान मिला?

(a) गिरिजा व्यास (b) सुमित्रा सिंह
(c) विद्या पाठक (d) कमला बेनीवाल

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत/यांत्रिक)-2020

Ans. (d) – कमला बेनीवाल जो राजस्थान के मंत्रिमण्डल में मंत्री बनने वाली प्रथम महिला है। यह सन् 1954 में पहली बार मंत्रिमंडल में शामिल हुई थी। यह वर्ष 2009 से 2014 तक कई राज्यों के राज्यपाल के पद पर कार्य कर चुकी है।

88. 25 मार्च, 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाया गया था –

(a) जय नारायण व्यास (b) गोकुल लाल असावा
(c) गोकुल भाई भट्ट (d) हीरालाल शास्त्री

उत्तर – (b)

RPSC RAS/RTS 2015

व्याख्या – 25 मार्च, 1948 को गठित संयुक्त राजस्थान का मुख्यमंत्री गोकुल लाल असावा को बनाया गया था। वर्तमान में अशोक गहलोत राजस्थान के मुख्यमंत्री हैं।

89. निम्नांकित में से कौन से मुख्यमंत्री राजस्थान विधानसभा में नेता-प्रतिपक्ष के पद पर नहीं रहे हैं?

(A) हरिदेव जोशी (B) शिवचरण माथुर
(C) अशोक गेहलोत (D) वसुंधरा राजे

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कूट से कीजिए :

कूट :

(a) (A), (B) और (C) (b) (B) और (C)
(c) (C) और (D) (d) (A) और (D)

उत्तर (b)

RPSC RAS/RTS 2018

व्याख्या- राजस्थान की भूतपूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और हरिदेव जोशी मुख्यमंत्री बनने से पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर थे जबकि शिवचरण माथुर और अशोक गहलोत मुख्यमंत्री बनने से पहले विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर नही रहे।

(iv) उच्च न्यायालय

90. राजस्थान उच्च न्यायालय का उद्घाटन राजप्रमुख सवाई मानसिंह द्वारा .... में किया गया था।

(a) 29 अगस्त, 1949
(b) January 28th, 1950/28 जनवरी, 1950
(c) March 27th, 1951/27 मार्च, 1951
(d) January 28th, 1952/28 जनवरी, 1952

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-C